प्रेस नोट

दिनाँक-31.12.2024

नववर्ष के अवसर पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा कोतवाली नगर में किया गया पैदल गश्त

आज दिनांक 31.12.2024 को जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था व नववर्ष-2025 की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा कोतवाली नगर पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत भीड़भाड़ वाले महत्वपूर्ण/सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया। जनता को सुरक्षा के सम्बंध में जागरूक किया गया, नववर्ष को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। तथा ड्यूटी पर लगे पुलिस बल को निर्देश दिए कि नववर्ष के जश्न के दौरान असामाजिक गतिविधियों पर सख्त नजर रखें और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क रहें।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।